卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 185 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦12 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

## स्वर साम्राज्ञी आशा भोसले का 92 वर्ष की आयु में निधन



मुंबई (उद संवाददाता)। भारतीय संगीत जगत की दिग्गज गायिका आशा भोसले का रविवार को निधन हो गया। 92 वर्ष की आयु में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया है। लगभग सात दशकों तक अपनी जादुई आवाज से करोड़ों दिलों पर राज करने वाली गायिका के निधन की खबर से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके बेटे आनंद भोसले ने इस दुखद समाचार की पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आशा भोसले को शनिवार को तबीयत खराब होने के चलते मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें अत्यधिक थकावट और सीने में संक्रमण की शिकायत थी, जिसके बाद उन्हें इमरजेंसी मेडिकल सर्विसेज यूनिट में रखा गया था। उनकी पोती जनाई भोसले ने सोशल मीडिया के माध्यम से उनके स्वास्थ्य की जानकारी साझा करते हुए फैंस से प्रार्थना की अपील की थी। दुनियाभर में फैले उनके प्रशंसक उनके स्वस्थ होने की दुआ कर रहे थे, लेकिन रविवार को उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। आशा भोसले का पार्थिव शरीर कल सोमवार सुबह 11 बजे अंतिम दर्शन के लिए लोअर परेल स्थित उनके आवास पर रखा जाएगा। इसके पश्चात शाम 4 बजे दादर के शिवाजी (शेष पृष्ठ सात पर)

## खाई में गिरी पिकप, चालक की मौत

नई टिहरी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले में रविवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। घुत्तू क्षेत्र के समीप एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। इस दुर्घटना में चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन में सवार एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वाहन में ले जा रहे एक खच्चर ने भी दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 4:30 बजे एसडीआरएफ को सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन संख्या यूके 07सीडी 0854 घुत्तू के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम



तुरंत राहत और बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुंची। टीम ने बेहद दुर्गम परिस्थितियों में खाई में उतरकर रेस्क्यू अभियान चलाया।हादसे के समय वाहन में दो व्यक्ति और एक खच्चर सवार थे। इस भीषण दुर्घटना में चालक बॉबी (28 वर्ष) पुत्र जगबीर लाल, निवासी खलासी पट्टी पालीगढ़ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, वाहन में सवार दूसरे व्यक्ति पूरन सिंह (55 वर्ष) पुत्र रूप चंद्र सिंह, निवासी ग्राम साथियाला पट्टी भिलंग गंभीर रूप से घायल हो गए। एसडीआरएफ ने घायल पूरन सिंह को रेस्क्यू कर बाहर निकाला और तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।हादसे में वाहन में मौजूद एक खच्चर (शेष पृष्ठ सात पर)

## 'रन फॉर अवेयरनेस' रैली को मुख्यमंत्री धामी ने दिखाई हरी झंडी

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हल्द्वानी में नशामुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत आयोजित 'रन फॉर अवेयरनेस' रैली का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में युवा, छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। एमबी इंटर कॉलेज मैदान से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने से पहले मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि आज की यह दौड़ मात्र शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि एक स्वस्थ, समृद्ध और नशे से मुक्त उत्तराखंड के संकल्प की दौड़ है। जब आप सभी यहां से कदम आगे बढ़ाएंगे, तो यह संदेश पूरे प्रदेश में जाना चाहिए कि उत्तराखंड का युवा अब नशे को 'ना'






कह रहा है और जीवन को 'हाँ' कह रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा एक "साइलेंट वार" की तरह फैल रहा है और इसका सबसे बड़ा निशाना हमारी युवा शक्ति है। मजाक-मजाक में युवा नशे की चपेट में आ जाते हैं और वहां से लौटना बहुत मुश्किल हो जाता है। यह न सिर्फ व्यक्ति, बल्कि पूरे परिवार की खुशियों को संकट में डाल देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2020 में शुरू किए गए 'नशा मुक्त भारत अभियान' से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार इस दिशा में मिशन मोड पर काम कर रही है। वर्ष 2022 में गठित एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा हजारों आरोपियों की गिरफ्तारी और बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों की बरामदगी की गई है। साथ ही एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी (एटीएफ) केंद्रों का संचालन किया जा रहा है और सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में भी एटीएफ केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के लिए 'दगड़िया क्लब' बनाए गए हैं, जो युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि नशे के विरुद्ध यह लड़ाई केवल कानून बनाने से नहीं जीती जा सकती। इसके लिए समाज की जागरूकता और युवाओं की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। हम सभी संकल्प लें कि स्वयं नशे से दूर रहेंगे और अपने मित्रों व समाज को भी जागरूक करेंगे। औपचारिकता से नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प से ही हम 'ड्रग्स फ्री उत्तराखंड' के लक्ष्य को प्राप्त कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## पेड़ पर फांसी से लटका मिला युवक का शव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: पाश कालोनी ओमेक्स के सामने गेहूं के खेत में स्थित जामुन के पेड़ पर एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव लटका पाया गया। मामले की सूचना मिलने पर पंतनगर कोतवाली सीओ डीआर वर्मा व सिडकुल चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद शव को फांसी से उतारकर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया।



मृतक की जेब से बरामद उसके आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त चौखुटिया निवासी 25 वर्षीय लोकेश सिंह पुत्र लाल सिंह के रूप में की गई। पुलिस ने मामले की जानकारी उसके परिजनों को दे दी है। बताया जाता है कि आज प्रात: लोगों ने ओमेक्स कालोनी के सामने गेहूं के खेत में लगे जामुन के पेड़ पर एक युवक का शव फांसी पर लटका देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पंतनगर कोतवाली सीओ डीआर वर्मा व (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रक में चालक का शव मिला, हत्या की आशंका

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पिथौरागढ़ से माल लेने आये एक ट्रक चालक को उसके ही ट्रक में मृत



अवस्था में पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक का




निरीक्षण किया और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया। साथ ही उनके परिजनों को भी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पहुंचे उसके परिजनों ने शव पर चोट के निशान देखकर हत्या का सन्देह व्यक्त किया है। जानकारी के अनुसार सेफ एक्सप्रेस कोरियर कम्पनी के ट्रक संख्या यूके 04 सीसी 0866 का चालक ग्राम धुरा सूखी ढाम जिला चम्पावत निवासी दर्शन सिंह पुत्र स्व. दयाल सिंह शनिवार को सायं कालीनगर दिनेशपुर में एक कम्पनी से माल लेने आया था। उसने ट्रक चण्डीपुर रोड़ पर कम्पनी के बाहर खड़ा किया और ट्रक में ही सो गया। बताया जाता है कि आज प्रात: 6 बजे उसे बुलाने गये तो वह सीट पर बेसुध पाया गया। काफी (शेष पृष्ठ सात पर)

## लीज की फाइलों की दिक्कतें दूर कर तुरंत दें समाधान:बहुगुणा

### कैबिनेट मंत्री ने डीएम को दिए कड़े निर्देश

सितारगंज। सितारगंज नगर की दशकों पुरानी और सबसे जटिल लीज-पट्टा भूमि की समस्या के समाधान की दिशा में आज एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जब माननीय कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा जी के आवास पर मुलाकात की, तो मंत्री जी ने तत्काल प्रभाव से एक्शन लिया।जिलाध्यक्ष द्वारा समस्या की गंभीरता और फाइलों में आ



रही अड़चनों से अवगत कराने पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा जी ने तुरंत जिलाधिकारी नितिन भदौरिया जी से दूरभाष पर वार्ता की। बहुगुणा ने जिलाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि लीज की फाइलों में जो भी तकनीकी या प्रशासनिक दिक्कतें आ रही हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। मंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि इस कार्य के लिए अलग से अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए, जो केवल लीज की फाइलों और उससे जुड़ी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करेंगे। मंत्री जी ने कहा कि ष्जनता को अपने ही मालिकाना हक के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए प्रशासन फाइलों का पेच सुलझाकर जल्द रिपोर्ट पेश करे। जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी ने इस त्वरित कार्यवाही के लिए माननीय मंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, हमारी भाजपा सरकार सरलीकरण और समाधान के मंत्र पर काम कर रही है। मंत्री का जिलाधिकारी को (शेष पृष्ठ सात पर)

## फैक्ट्री कर्मी रामवीर की मौत के मामले कई लोग हिरासत में

किच्छा (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक फैक्ट्री के कर्मचारी रामवीर सिंह की गुमशुदगी के मामले में दुर्घटना के बाद शव को ठिकाने लगाने का मामला



उजागर होने के पश्चात पुलिस लगातार घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। फिलहाल पुलिस ने शक के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है। ज्ञात हो कि नगर के रुद्रपुर मार्ग स्थित ईंटरार्क कंपनी का 42 वर्षीय कर्मचारी रामवीर सिंह 8 अप्रैल की रात्रि करीब 10:30 बजे ड्यूटी छूटने के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया था। अगले दिन 9 अप्रैल को पूरा दिन परिजनों द्वारा तलाश किए जाने के बावजूद रामवीर सिंह का कोई सुराग नहीं लगने पर 10 अप्रैल की सुबह परिजन (शेष पृष्ठ सात पर)

# प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर परखीं तैयारियां

## डाट काली मंदिर से महिंद्रा ग्राउंड तक सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया

देहरादून । मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ एवं शासन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के से जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाकचौबंद रखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रध हुए मुख्य सचिव ने कहा कि दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे के बनने से दिल्ली एनसीआर से देहरादून पहुंचने का समय काफी कम हो जाएगा। इससे न केवल अर्चना कर प्रदेश की सुख और खुशहाली की कामना की। निरीक्षण के दौरान सचिव डॉ पंकज कुमार पांडेय, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल,





उत्तराखंड दौरे की तैयारियों को लेकर कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया।मुख्य सचिव और डीजीपी ने डाट काली मंदिर से महिंद्रा ग्राउंड गढ़ी कैंट तक की जा रही व्यवस्थाओं का बारीकी ानमंत्री के दौरे के समय शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए ताकि आम जनता को असुविधा न हो। मीडिया से वार्ता करते पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और चारधाम यात्रा के लिए कनेक्टिविटी में सुधार होगा बल्कि प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।इस अवसर पर मुख्य सचिव ने डाट काली मंदिर में पूजा एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोभाल एवं नगर आयुक्त नमामी बंसल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी तैयारियां समय सीमा के भीतर पूरी कर ली जाएं।

# युवा वैश्य महासभा चुनाव को सदस्यता प्रभारी व सह प्रभारी नियुक्त

हल्द्वानी । युवा वैश्य महासभा कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष अतुल जायसवाल के नेतृत्व एवं महामंत्री कपिल अग्रहरि के संयोजन में संपन्न हुई। बैठक में चुनाव संबंधित क्रियाकलापों पर चर्चा हुई एवं चुनाव से पूर्व सदस्यताअभियान हेतु सदस्यता प्रभारी और सह प्रभारियों की नियुक्ति की गई। जिसमें सदस्यता प्रभारी लव मित्तल, सह सदस्यता प्रभारी हेमंत साहू, सूर्यांश गुप्ता, दिव्यांश सिंघल, सुमित साहू,



रोहित गुप्ता, सुशील साहू नियुक्त किया गया। साथ ही युवा वैश्य महासभा द्वारा भव्य माता की चौकी का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ जिसमें समस्त युवा साथियों की सहमति प्रदान हुयी। इस अवसर पर युवा वैश्य महासभा संरक्षक एवं वैश्य महासभा अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल, केसरवानी युवा समिति अध्यक्ष रमेश केसरवानी, महावर युवा समिति अध्यक्ष संदीप गुप्ता,प्रदीप गुप्ता, सचिन जायसवाल, अरुण गुप्ता, यश गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, ध्रुव केसरवानी, विजय साहू, सौरभ गुप्ता, जलज वार्ष्णेय, अभिषेक अग्रहरि, अभिनव वार्ष्णेय, वैभव गुप्ता, रवि गुप्ता, अमित अग्रहरि, दिव्यम अग्रवाल, अतुल केसरवानी, रोहित साहू, ऋषभ केसरवानी, महेंद्र कुमार साहू, पप्पू अग्रहरि, सूरज अग्रहरि, वंश केसरवानी, ध्रुव साहू, करन केसरवानी आदि रहे।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर गोष्ठी आयोजित

हल्द्वानी । भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा नगर मण्डल द्वारा नगर अध्यक्ष अतुल जायसवाल के नेतृत्व मे महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जयंती पर उपस्थित पदाधिकारियों ने नमन कर श्रृद्धांजलि अर्पित की साथ ही उनकी समाज बनाने की प्रेरणा देते रहेगें। इस अवसर पर प्रताप रैकवाल, रविंद्र श्रोत्रिय,मनीष पाल, विनोद जायसवाल,



लोकेश यादव, धर्मेंद्र साहू,राजेंद्र जायसवाल, प्रेम सिंह श्रीवास्तव, सुमित साहू, जीवन गोस्वामी, रामजीत पटेल, अशोक कश्यप, दीपक राठौर, ऊषा रस्तोगी, विजय साहू, अजय वर्मा, विशाल राजपूत, राजेश साहू,

महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 200 वीं जयंती के उपलक्ष पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महान समाज सुधारक, नारी शिक्षा के अग्रदूत और सामाजिक समानता के प्रबल समर्थक जीवनी पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष नन्हे कश्यप ने बताया कि उनका संपूर्ण जीवन समाज के वंचित, शोषित और पीड़ित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उनके विचार हमें सदैव समतामूलक सुजीत साहू, अरविन्द जायसवाल, अजय गुप्ता, बीना साहू, कुनाल सिंह राजौरिया, शुभम मौर्या, अनुराग रस्तोगी, सीमा राठौर, बृजेश प्रजापति, सूर्यांश गुप्ता आदि कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# डीएम मनीष कुमार ने होनहार गौरव जोशी को किया सम्मानित

चंपावत (उद संवाददाता)। जनपद के युवा गौरव जोशी ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 114वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने स्वयं उनके घर पहुंचकर उन्हें और उनके परिवार को सम्मानित किया। कलेक्ट्रेट रोड डड़ा बिष्ट निवासी 21 वर्षीय गौरव जोशी को जिलाधिकारी ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने गौरव की सफलता को जनपद के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। गौरव मूल रूप से ग्राम बाराबाटी नरियाल गांव के निवासी हैं। उनके पिता नारायण दत्त जोशी लोहाघाट में व्यापारी हैं जबकि माता मीना जोशी आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के रूप में



सेवाएं दे रही हैं। एक साधारण परिवार से आने वाले गौरव ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह बड़ा मुकाम हासिल किया है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय चंपावत से प्राप्त की और वर्तमान में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय चंपावत परिसर से स्नातक अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहे हैं। इससे पहले वे एनडीए परीक्षा में चयनित नहीं हो सके थे लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और अपना प्रयास लगातार जारी रखा। गौरव जोशी का चयन भारतीय सैन्य अकादमी के लिए हुआ है जहां प्रशिक्षण पूरा करने के बाद वे भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्त होंगे। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने इस अवसर पर कहा कि समर्पण और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता से किसी भी ऊंचाई को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने गौरव को पूरी ईमानदारी और अनुशासन के साथ देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

# बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना जरूरी: रेखा आर्या

अल्मोड़ा। पीएम श्री शहीद कैप्टन बहादुर कैड़ा अटल उत्कर्ष राजकीय इंटर कॉलेज सलौंज का शुक्रवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। जिसने वार्षिकोत्सव में रंग जमा दिया। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षा सभी के लिए जरूरी है, लेकिन बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि विद्यालय से शिक्षित होकर निकलने के बाद समाज सेवा का भाव बनाए रखें। कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा



में सरकार ने नारी शक्ति वंदन बिल पारित कर महत्वपूर्ण कदम उठाया है और इसे लागू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने विद्यालय में दस हजार लीटर क्षमता के पेयजल टैंक निर्माण तीन लाख और 100 कुर्सियों व अन्य फर्नीचर के लिए दो लाख विधायक निधि से देने की घोषणा की। वहीं, कैबिनेट मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वार्षिकोत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं ने कुमाऊनी-गढ़वाली गीतों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। जिसे दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने खूब सराहा। यहां सुंदर सिंह राणा, राजेंद्र कैड़ा, भुवन जोशी, कृष्णा भंडारी, सुनील कुमार, कृष्ण कुमार, भीमराम, उमा वर्मा,हेमा पांडे, कमल कैड़ा, अनिल राणा, विवेक, हिमांशु मैनाली, खड़क सिंह नेगी, दिलीप रौतेला, मोहन सिंह, बहादुर सिंह बिष्ट, पंकज बजेली, वंदना आर्या सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# 21 अप्रैल को मनाया जाएगा श्री खाटू श्याम मंदिर का द्वितीय स्थापना दिवस

गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर के बुध बाजार स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में श्री खाटू श्याम मंदिर का द्वितीय स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। इस विशेष अवसर पर 21 अप्रैल 2026 मंगलवार को भव्य संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तैयारियां जोर शोर से शुरू कर दी गई हैं।आयोजन मंडल से मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम रात्रि 8:30 बजे से प्रारंभ होगा जहां श्रद्धालु भजन कीर्तन के माध्यम से भगवान श्याम की भक्ति में सराबोर होंगे। इससे पूर्व रात्रि 8:00 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इस महोत्सव में मुख्य आकर्षण के रूप में अखंड ज्योति, भव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार, फूलों की होली तथा छप्पन भोग की विशेष व्यवस्था की जाएगी जो कार्यक्रम की भव्यता में चार चांद लगाएगी। संकीर्तन महोत्सव में प्रसिद्ध भजन गायक अमन सांवरिया इटावा अपनी विशेष प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम का आयोजन श्री श्याम मित्र मंडल गदरपुर द्वारा किया जा रहा है। आयोजनकर्ताओं ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से इस धार्मिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# ठुकराल ने नव प्रतिष्ठान का किया उद्घाटन

रुद्रपुर । पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने रिंग रोड बाईपास पर स्थित नवीन प्रतिष्ठान केएच फ्राईट कैरियर का पूजा अर्चना के साथ रिबन काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिष्ठान स्वामी और प्रबंधन को नई शुरुआत के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। ठुकराल ने कहा कि रुद्रपुर क्षेत्र में नए व्यापारिक प्रतिष्ठानों और ट्रांसपोर्ट सेवाओं का विस्तार इस बात का प्रतीक है कि हमारा शहर आर्थिक रूप से प्रगति कर रहा है। रिंग रोड बाईपास जैसे महत्वपूर्ण



मार्ग पर लॉजिस्टिक और माल ढुलाई सेवाओं के शुरू होने से न केवल स्थानीय व्यापारियों को सुविधा होगी, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस अवसर पर मनोज सुमाल, ललित बिष्ट, ओमपाल सिंह, प्रदीप गंगवार,अखिलेश राघव, कपिल राघव, रजनीकांत तिवारी, पंकज गौर, पवन शर्मा, हेत राम गंगवार, उमेश, रतन, गेंदन लाल, गौरव, अंकित, राम सिंह, पप्पू, हरिराम, नितिन, अमित सहित कई गणमान्य व्यक्ति और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# महापुरुषों के आदर्शों से युवा पीढ़ी को नई दिशा दे रही भाजपा सरकार : धीरेंद्र मिश्रा

रुद्रपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत रुद्रपुर विधानसभा के संत कबीर मंडल द्वारा आयोजित कार्यशाला का समापन हुआ। समापन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा टिंकू ने सहभागिता की। फुलसुंगी स्थित मंडल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कार्यकर्ताओं के बीच संगठन की कार्यपद्धति और वैचारिक अधिष्ठान पर विस्तार से चर्चा की। सत्र को संबोधित करते हुए धीरेंद्र मिश्रा टिंकू ने कहा कि कार्यकर्ताओं का अटूट उत्साह और सेवा का संकल्प यह सिद्ध करता है कि भाजपा राष्ट्र सेवा के पथ पर अडिग होकर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा सरकार सदैव देश के महापुरुषों का सम्मान करती आई है और



इन्हीं महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात कर युवा पीढ़ी को देशभक्ति की नई दिशा दे रही है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने राष्ट्र के लिए जो बलिदान दिया है, उसे देशवासी कभी नहीं भूल सकते। आज की युवा पीढ़ी को उनके बलिदान और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेकर सदैव राष्ट्र हित में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री नरेंद्र मिश्रा का कार्यकर्ताओं द्वारा आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, मंडल महामंत्री जितेंद्र संधू, एनडी शर्मा, मोर सिंह यादव, स्वाति शर्मा, पिंकी चतुर्वेदी, छाया शर्मा, रजनी रावत, साधना शर्मा, रचित सिंह, अमित मिश्रा, अंकित, सुनील सिंह, अरुण दीक्षित सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र पारसदीप (PARASDEEP) का नाम बदलकर पारस (PARAS) रख लिया है। अत: भविष्य में मेरे पुत्र को उसके नये नाम पारस (PARAS) से ही जाना पहचाना जाये।

कुलदीप सिंह पुत्र श्री दीवान सिंह निवासी-वार्ड नं. 17, आदर्श कालोनी, रूद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# बेहड़ ने किया 19.50 लाख की सड़कों का लोकार्पण

## धान और गेहूं तुलाई में व्याप्त भ्रष्टाचार पर जमकर बरसे तिलक राज बेहड़



किच्छा (उद संवाददाता)। ग्राम महाराजपुर में विकास कार्यों को नई गति देते हुए विधायक तिलक राज बेहड़ ने कुल 19.50 लाख रुपये की लागत से निर्मित दो सड़कों का लोकार्पण किया। इसके अंतर्गत जिला योजना के तहत 10 लाख रुपये की लागत से शिव मंदिर से हनुमान मंदिर तक तथा जिला पंचायत द्वारा 150 मीटर सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है। साथ ही 9.50 लाख रुपये की लागत से मुन्ना लाल के घर से उमेश के घर तक एवं नरेश के घर से सुंदर के घर तक सड़क निर्माण कार्य का जनता को लाभ मिलेगा।लोकार्पण के अवसर पर आयोजित सभा में विधायक तिलक राज बेहड़ ने किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार और प्रशासन पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि पूर्व में धान तुलाई के दौरान खाद्य विभाग एवं सहकारिता विभाग की संस्थाओं द्वारा बनाए गए केंद्रों पर व्यापक अनियमितताएं और घोटाले हुए। उन्होंने इस विषय को मुख्यमंत्री और संबंधित विभागों के समक्ष मजबूती से उठाया लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बेहड़ ने आरोप लगाया कि अब उन्हीं दागी केंद्रों को गेहूं तुलाई का कार्य सौंप दिया गया है जिससे किसानों की मुसीबतें और बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि मौसम की मार झेल रहे किसानों को तुलाई और ढुलाई में भारी अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा है और पूरी व्यवस्था भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि राजस्व विभागों में जमीनों से जुड़े 143 जैसे कार्य बिना पैसे के नहीं हो रहे हैं जिससे आम किसान परेशान है।बेहड़ ने किसानों का आह्वान किया कि जहां भी भ्रष्टाचार और अनियमितताएं बरती जा रही हैं वहां केंद्रों पर धरना दें और अपनी मांगें रखें। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे स्वयं इन केंद्रों का समय समय पर निरीक्षण करेंगे और अधिकारियों को भ्रष्टाचार नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने महाराजपुर में अवशेष बची 300 से 400 मीटर सड़क का निर्माण शीघ्र कराने और रामलीला मैदान में ग्रामीणों की मांग पर शौचालय बनाने के लिए आगणन तैयार करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य गुरदास कालड़ा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, प्रमुख अरुण शुक्ला, मेजर सिंह, मुल्कराज ठुकराल, जुगल चराया, सतीश कामरा, परविन्द्र सिंह, राजकुमार चिलाना, अशोक चुघ, राजू हुडिया, दर्शन सिंह, रवि चावला, नरेन्द्र ग्रोवर, शुभम पुजारा, कृष्ण चिलाना, विशम्भर बाठला, सतीश ठुकराल, विनोद ठुकराल, देवेन्द्र सिंह, हजेंद्र सिंह, विजय साहनी, राम मोहन, हरी प्रकाश, राम सिंह, संजय मंडल और आदिल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# वैश्विक मानवाधिकार श्रमिक सुरक्षा परिषद का विस्तार

नानकमत्ता। वैश्विक मानवाधिकार श्रमिक सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष खूब सिंह शविकलश ने संगठन की मजबूती और श्रमिक हितों को धरातल पर उतारने के लिए नई नियुक्तियों की घोषणा की है। परिषद ने राजन मंडल को ऊध





म सिंह नगर जिले का वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा प्रदीप प्रदीप बढ़ाई को सितारगंज विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उक्त जानकारी देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष खूब सिंह विकल' ने बताया कि सितारगंज निवासी राजन मंडल को ऊधम सिंह नगर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा शक्तिफार्म निवासी प्रदीप बढ़ाई को सितारगंज विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष खूब सिंह शविकलश ने बताया कि यह निर्णय दोनों पदाधिकारियों की सामाजिक सक्रियता, लंबे समय से की जा रही श्रमिक सेवाओं और मानवाधिकारों के प्रति उनकी गहरी रुचि को देखते हुए लिया गया है। संगठन का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी और श्रमिक हितैषी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना है। नवनियुक्त पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शी तरीके से पहुँच सके। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उम्मीद जताई है कि इन नियुक्तियों से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए राजन मंडल और प्रदीप बढ़ाई ने कहा कि वे श्रमिकों के अधिकारों के संरक्षण के लिए पूरी तत्परता से कार्य करेंगे। इन नियुक्तियों की घोषणा के बाद समर्थकों, स्थानीय निवासियों और संगठन के सदस्यों में खुशी की लहर है। बड़ी संख्या में लोगों ने दोनों पदाधिकारियों को उनके उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# दोस्त की बारात में गया किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

किच्छा। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक 15 वर्षीय नाबालिग किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। किशोर अपने दोस्त की बारात में शामिल होने गया था, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका है। किशोर की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पुत्र की गुमशुदगी दर्ज कराई है और उसकी जल्द से जल्द सकुशल बरामदगी की मांग की है। पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार, सुभाष कॉलोनी (वार्ड नंबर 2) निवासी श्रीमती कम्मो देवी पत्नी खेमपाल सिंह ने बताया कि उनका 15 वर्षीय पुत्र आदित्य 7 अप्रैल की सुबह करीब 9 बजे अपने दोस्त सोहित कश्यप के विवाह समारोह में शामिल होने गया था। सोहित कश्यप नई सुनेहरी (वार्ड नंबर 11) का निवासी है। जब आदित्य काफी समय तक घर वापस नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। पूछताछ के दौरान सोहित कश्यप ने बताया कि आदित्य 8 अप्रैल को उसके साथ बारात में गया था और 9 अप्रैल को बारात के साथ ही वापस आया था। सोहित के मुताबिक, 9 अप्रैल की दोपहर करीब 2 बजे आदित्य उसके घर से अपने घर जाने के लिए निकला था। लेकिन उसके बाद वह अपने घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने सभी रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर आदित्य की खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। पीड़ित मां की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों और अन्य माध्यमों से किशोर का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# देवभूमि की संस्कृति से रूबरू हुए उत्तर भारत के न्यायविद

देहरादून (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वावधान में उत्तराखंड







राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा देहरादून में नॉर्थ जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को लोक भवन में पधारे प्रतिनिधियों के सम्मान में सांस्कृतिक संध्या एवं राजकीय भोज का भव्य आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या के दौरान कलाकारों ने उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति पर आधारित एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों ने वहां मौजूद सभी गणमान्य अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोक कलाकारों के माध्यम से राज्य की परंपराओं और कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया गया।इससे पहले राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से नि से भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने लोक भवन पहुंचने पर उनका आत्मीय स्वागत किया।इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली एवं उत्तराखंड उच्च न्यायालय नैनीताल के न्यायमूर्तिगण, उत्तर भारत के विभिन्न उच्च न्यायालयों से पधारे न्यायमूर्ति गण, कैबिनेट मंत्री तथा शासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में न्यायपालिका और शासन के बीच समन्वय की झलक देखने को मिली।

# सौरभ बहुगुणा ने नए कूड़ा वाहनों को दिखाई हरी झंडी



शक्तिफार्म। नगर पंचायत शक्तिफार्म में शनिवार को स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने नगर पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नए कूड़ा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मंत्री बहुगुणा ने कहा कि क्षेत्र में साफ-सफाई को प्राथमिकता देते हुए संसाधनों को लगातार बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत को दो कूड़ा वाहन, एक सीवेज टैंकर, एक पानी का टैंकर और चार ई-रिक्शा उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे कूड़ा निस्तारण और स्वच्छता व्यवस्था में काफी सुधार आएगा। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे। मंत्री ने नगर पंचायत के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में यह एक सराहनीय कदम है, जो क्षेत्र को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। इस दौरान मंत्री सौरभ बहुगुणा ने विकास कार्यों पर भी जोर देते हुए कहा कि क्षेत्र में अन्य बुनियादी सुविधाओं को भी तेजी से मजबूत किया जा रहा है, ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि कार्तिक राय, गोविन्द तालुकदार, संजय बाछाड़, अजय जायसवाल, के.पी. मंडल, देवू मंडल, राजा हालदार, सुवीर सरकार, सुनीता सरकार, विक्रम भंडारी, देवशीष पोद्दार, गुड्डू सिंह, अजय भगत सहित कई गणमान्य लोग रहे।

# महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती पर गूंजे समानता के स्वर

पंतनगर। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एनएसएस इकाई तथा डॉक्टर अंबेडकर चेयर के संयुक्त तत्वावधान में महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर समानता और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिराव फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया, जिसके बाद उनके सामाजिक सुधार, जाति उन्मूलन एवं महिला शिक्षा में अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला गया।आयोजन के दौरान सामाजिक समानता और शिक्षा के महत्व पर एक विशेष भाषण सत्र आयोजित हुआ। इसमें वक्ताओं ने फुले के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता को रेखांकित किया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने 'सामाजिक परिवर्तन में शिक्षा की भूमिका' और 'फुले का समानता का दृष्टिकोण' विषयों पर आकर्षक डिजिटल पोस्टर प्रस्तुत किए। साथ ही एक प्रभावशाली नाटक के माध्यम से समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव, लैंगिक असमानता और अशिक्षा जैसी कुरीतियों पर कड़ा प्रहार किया गया।महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डॉक्टर अल्का गोयल ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने फुले के विचारों को समाज परिवर्तन की आधारशिला बताते हुए युवाओं से असमानता के विरुद्ध सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर संध्या रानी एवं सहायक प्राध्यापिका डॉक्टर पूजा टम्टा ने छात्रों की भागीदारी की प्रशंसा की।





# पोक्सो का फरार आरोपी कोयंबटूर से गिरफ्तार



शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। नाबालिग से जुड़े गंभीर अपराध के मामले में फरार चल रहे वांछित आरोपी को कोतवाली सितारगंज पुलिस ने तमिलनाडु के कोयंबटूर से गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। कई सप्ताह से फरार आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था, लेकिन आखिरकार पुलिस की सटीक रणनीति और तकनीकी निगरानी के आगे उसकी एक न चली। पुलिस के अनुसार 19 फरवरी 2026 को कोतवाली सितारगंज में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में नामजद आरोपी गोपाल भट्टाचार्य पुत्र सुब्रत भट्टाचार्य निवासी टैगोरनगर नंबर 04 शक्तिफार्म घटना के बाद से ही फरार था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार स्थान बदल रहा था। पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी, लेकिन उसकी लोकेशन स्पष्ट नहीं हो पा रही थी। इसके बाद न्यायालय से आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कराया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई, जिसने सर्विलांस और मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए आरोपी की लोकेशन ट्रेस की। कड़ी मेहनत और सटीक इनपुट के आधार पर पुलिस टीम ने 10 अप्रैल 2026 को तमिलनाडु के अलंदुरई क्षेत्र कोयंबटूर में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। इस ऑपरेशन में शामिल टीम में उपनिरीक्षक कैलाश देव और महिला उपनिरीक्षक बबीता की अहम भूमिका रही, जिनकी सक्रियता और समन्वय से यह सफलता संभव हो सकी। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए इसे कानून व्यवस्था की दिशा में एक मजबूत कदम बताया है। इस कार्रवाई से जहां अपराधियों में खौफ का माहौल बना है, वहीं आमजन में सुरक्षा का भरोसा भी और मजबूत हुआ है।







# सीएम ने की भीमताल में उप-तहसील बनाए जाने की घोषणा

## ओखलकाण्डा के भीड़ापानी में आयुर्वेदिक चिकित्सालय होगा स्थापित,रामगढ़, धारी व ओखलकाण्डा में किसानों के लिए मंडी निर्माण

नैनीताल (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नैनीताल जनपद के भीमताल स्थित बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड साइंसेज में तीन दिवसीय तकनीकी एवं सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव 'स्पेक्ट्रम 2026' का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन भी किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इस आयोजन तथा नव-निर्मित भवन से संस्थान के छात्र-छात्राओं को आधुनिक शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के नए अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश का भविष्य प्रतिभाशाली और संकल्पवान युवाओं के सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को स्मरण करते हुए कहा कि भारत में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें पहचानने और उचित दिशा देने की है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि संस्थान का प्रबंधन इसी भावना के साथ कार्य करते हुए युवाओं की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्थान की स्थापना के समय पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय पंडित नारायण दत्त तिवारी द्वारा व्यक्त अपेक्षाओं के अनुरूप यह संस्थान दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों के मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने का कार्य निरंतर कर रहा है। उन्होंने संस्थान द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता, अनुशासन और संस्कारों की परंपरा को सराहनीय बताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किए गए मॉडलों का अवलोकन किया तथा उनकी नवाचारी सोच और रचनात्मकता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह संस्थान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिड़ला संस्थान वर्षों से उत्तराखंड के युवाओं को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। यहां से शिक्षित विद्यार्थी देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं तथा कई युवा प्रशासनिक सेवाओं, भारतीय सेना और स्टार्टअप के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं को सशक्त बनाने हेतु स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, मुद्रा योजना, अटल इनोवेशन मिशन और पीएम युवा योजना जैसी पहलें संचालित की जा रही हैं, जो युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बना रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और युवाओं को नई संभावनाओं से जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही है। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और बिग डेटा जैसे आधुनिक विषयों को शामिल किया गया है। साथ ही 20 मॉडल कॉलेजों की स्थापना, महिला छात्रावास, आधुनिक आईटी लैब एवं परीक्षा भवनों का निर्माण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'शेवनिंग उत्तराखंड छात्रवृत्ति' के माध्यम से विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के अवसर मिल रहे हैं तथा 'इंफोसिस स्प्रिंगबोर्ड' के सहयोग से आधुनिक कंप्यूटर आधारित पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। 'देवभूमि उद्यमिता योजना' और मुख्यमंत्री शोध प्रोत्साहन योजना के माध्यम से नवाचार एवं शोध को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसके तहत प्राध्यापकों को 18 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है और पिछले चार वर्षों में 32 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई है। उन्होंने भीमताल विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं और कई परियोजनाएं वर्तमान में प्रगति पर हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बिड़ला इंस्टीट्यूट में ड्रोन प्रयोगशाला की स्थापना, कंप्यूटर विभाग के उन्नयन तथा ऑडिटोरियम के लिए फर्नीचर उपलब्ध कराने हेतु 50-50 लाख रुपये की धनराशि प्रदान करने की घोषणा की। साथ ही क्षेत्रीय विकास से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, विभिन्न जनप्रतिनिधि, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद पांडेय सहित संस्थान के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।











# पूर्व मंत्री दुर्गापाल ने दी स्व. धींगरा को श्रद्धांजलि

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश के पूर्व काबीन मंत्री हरीश दुर्गापाल ने शनिवार की देर सायं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व. इन्द्रसेन धींगरा के विष्णुपुरी , रामपुर रोड़ स्थित आवास पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और इन्द्रसेन धींगरा के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री दुर्गापाल इस दौरान स्व. धींगरा द्वारा पार्टी के प्रति किये गये निष्ठा एवं समर्पित भाव से कार्यों व अपने साथ बिताये क्षणों का स्मरण करते हुए काफी भावुक हो गये और उनकी आंखों से आंसू छलक गये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कई पदों पर रहे स्व. धींगरा ने कई दशकों तक निष्काम भावना से पार्टी की सेवा करने के साथ ही अपने पारिवारिक दायित्वों का भी निर्वहन किया। उन्होंने बताया कि पार्टी के आहवान पर स्व. धींगरा जेल भरो आन्दोलन में भी शामिल हुए और उन्होंने कई दिन बरेली सेंन्ट्रल जेल में बिताये। परंतु आज पार्टी द्वारा उन्हें भुला दिया गया है। श्री दुर्गापाल ने परिजनों को सांत्वना देते हुए स्व. धींगरा के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उनके साथ उनके सुपुत्र युवा कांग्रेस नेता हेमवती नन्दन दुर्गापाल आदि लोग भी मौजूद थे।






# अंत्योदय का संकल्प ही भाजपा का मूल मंत्र: विकास शर्मा

## महापौर विकास शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

रुद्रपुर। गंगापुर रोड स्थित सनराइज होटल के सभागार में भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक जड़ों को मजबूत करने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का आयोजन किया गया। रुद्रपुर के संत कबीर मंडल द्वारा आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण शिविर का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर विकास शर्मा ने परंपरागत रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान समूचा परिसर संगठन के जयघोष से गुंजायमान रहा और कार्यकर्ताओं में आगामी सांगठनिक कार्यों को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। प्रशिक्षण शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए महापौर विकास शर्मा ने श्वैचारिक अधिष्ठानश विषय पर अपना विस्तृत संबोधन दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल अपने अनुशासन और स्पष्ट विचारधारा के कारण है। उन्होंने विस्तार से साझा किया कि किस प्रकार पार्टी की रीति-नीति अन्य दलों से भिन्न है और कैसे एक सामान्य कार्यकर्ता अपनी निष्ठा के बल पर संगठन के शीर्ष पदों तक पहुँच सकता है। महापौर ने जोर देकर कहा कि प्रशिक्षण केवल सीखने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह स्वयं को राष्ट्र सेवा के लिए पुन: समर्पित करने का माध्यम है। महापौर विकास शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के श्अंत्योदयश सिद्धांत की व्याख्या करते हुए कहा कि हमारा मूल संकल्प स्पष्ट है। सरकार और संगठन का एकमात्र लक्ष्य समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास की मुख्यधारा को पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि जब तक गाँव,गरीब औरकिसान का सर्वांगीण उत्थान नहीं होता, तब तक विकसित भारत का सपना साकार नहीं हो सकता। कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाना ही सच्ची राजनीति है और यही हमारे वैचारिक अधिष्ठान की असली परीक्षा भी है। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री तरुण दत्ता, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु शुक्ला और मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल ने भी संगठन की मजबूती पर विचार रखे। साथ ही मंडल महामंत्री जितेंद्र संधू, नरदेव शर्मा, गजेंद्र प्रजापति, वरिष्ठ महिला नेता शैली फुटेला, महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती रश्मि रस्तोगी और जिला उपाध्यक्ष स्वाती शर्मा,पिंकी चतुर्वेदी, ममता त्रिपाठी, अर्चना राय और साधना शर्मा आदि थे।







# मानव वन्यजीव संघर्ष का हो स्थाई समाधान: धामी

## संवेदनशील क्षेत्रों में सोलर फेंसिंग व अलर्ट सिस्टम लगाने के आदेश, उच्चस्तरीय बैठक में पर्यटन सीजन और विकास कार्यों की समीक्षा



हल्द्वानी।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सर्किट हाउस, हल्द्वानी में जनपद नैनीताल के वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस, वन एवं विकास विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मानव-वन्यजीव संघर्ष, आगामी पर्यटन सीजन की तैयारियों तथा कानून-व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, सिंचाई एवं जमरानी बांध परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में आयुक्त कुमाऊं एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने जानकारी दी कि आगामी आदि कैलाश यात्रा के लिए 1 मई से पिथौरागढ़ जिला प्रशासन द्वारा इनर लाइन पास जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आदि कैलाश मार्ग वर्तमान में सुचारू है। इसके अतिरिक्त कैंचीधाम बाईपास का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा 30 मई तक इसे चालू करने का लक्ष्य है। मेट्रोपोल पार्किंग का निर्माण कार्य भी आगामी 10 दिनों में प्रारंभ किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने मानव-वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इन घटनाओं की रोकथाम के लिए स्थायी समाधान खोजा जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि लोगों को जागरूक करने के साथ ही ऐसी व्यवस्थाएं विकसित की जाएं जिससे उन्हें जंगलों में जाने की आवश्यकता कम हो। साथ ही विभाग के प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही तय की जाए और आधुनिक तकनीक का उपयोग कर प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में सोलर फेंसिंग लगाने तथा वन विभाग और पुलिस की संयुक्त क्विक रिस्पॉन्स टीम को 24◦7 सक्रिय रखने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि नैनीताल जनपद प्रदेश का प्रमुख पर्यटन केंद्र है, जहां पर्यटकों की सुरक्षा के साथ-साथ वन क्षेत्रों से सटे गांवों में रहने वाले नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने रामनगर, हल्द्वानी, कालाढूंगी और नैनीताल जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी के निर्देश दिए।आगामी पर्यटन सीजन को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों को गड्ढा-मुक्त रखने, ट्रैफिक प्रबंधन को सुदृढ़ करने, शटल सेवा एवं वैकल्पिक पार्किंग स्थलों को सक्रिय करने पर जोर दिया।कानून-व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत पर्यटन स्थलों पर हुड़दंग, नशाखोरी एवं ओवरचार्जिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने 24◦7 निगरानी रखने, नियमित चेकिंग अभियान चलाने तथा पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जमरानी बांध परियोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इस परियोजना से तराई एवं भावर क्षेत्र में पेयजल समस्या का समाधान होगा, भूजल स्तर में वृद्धि होगी तथा बाढ़ नियंत्रण में सहायता मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।बैठक में बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाए जाने के संबंध में भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कुमाऊं आयुक्त एवं जिलाधिकारी नैनीताल को आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रस्ताव शीघ्र शासन को भेजने के निर्देश दिए।विद्युत व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रीष्मकाल एवं मानसून को ध्यान में रखते हुए सभी विद्युत स्टेशनों में आवश्यक उपकरण एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल संकट से निपटने के लिए भी समुचित व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सिंचाई विभाग एवं अन्य एजेंसियों द्वारा संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी कार्य समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से भी जनपद की विभिन्न समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल, विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, विभिन्न जनप्रतिनिधि, मंडल अरयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।







## नि:शुल्क नेत्र चेकअप कैंप का शुक्ला ने किया शुभारम्भ

किच्छा। ग्राम दोपहरिया में ज्योति नेत्रालय हल्द्वानी द्वारा फूलदाई जनकल्याण समिति के सहयोग से आयोजित निशुल्क नेत्र चेकअप कैंप का शुभारंभ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया के साथ फीता काटकर किया।कार्यक्रम के दौरान गांव में पहुंचने पर ग्रामप्रधान अमन कश्यप एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य रोहित कोली के नेतृत्व में ग्रामवासियों ने पूर्व विधायक का अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं स्मृतिचिन्ह भेंटकर गर्मजोशी से स्वागत किया।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आंखें मानव जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग हैं और नेत्र संबंधी रोगों की समय रहते



जांच एवं उपचार अत्यंत आवश्यक है। ऐसे निशुल्क चिकित्सा शिविर न केवल लोगों को राहत प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी बनाते हैं। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के जनकल्याणकारी आयोजनों से लोगों को अपने घर के नजदीक ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं मिल जाती हैं, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। उन्होंने ज्योति नेत्रालय हल्द्वानी एवं फूलदाई जनकल्याण समिति के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे शिविर लगातार आयोजित किए जाने चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।कैंप में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सचि द्विवेदी द्वारा ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार दवाइयां, चश्मे एवं परामर्श प्रदान किया। कार्यक्रम में डाक्टर विभोर, डॉक्टर प्रियांशु तिवारी, आकाश गंगवार, हर्षित दुबे, दिनेश मेहरा, रामप्रसाद कश्यप, बलवंत कश्यप, नितिन बाल्मीकि, सूरज कोली, कृष्णा कोली, सुरेश सागर, कीर्ति देवी, ममता सागर, राजाराम गंगवार, कांता प्रसाद, शुभम सागर, ध्रुव कोली, भानु कश्यप, सूरज पाल कश्यप, राघव कश्यप, चीकू कश्यप, हरिओम चंद्रा, अमित ठाकुर, टीकाराम समेत समस्त ग्रामीण उपस्थित थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### ग्रामीण स्तर पर भूमि असमानता

भारत में भूमि असमानता को लेकर किए गए अध्ययन में जो तथ्य सामने आये हैं वह चौंकाने वाले व चिंताजनक है। अध्ययन अनुसार ग्रामीण भारत में शीर्ष 5 प्रतिशत परिवार 32 प्रतिशत जमीन के मालिक हैं, जबकि शीर्ष 1 प्रतिशत परिवारों के पास 18 प्रतिशत कृषि भूमि है। यह अध्ययन नितिन कुमार भारती, डेविड ब्लेकस्ली और समरीन मलिक ने संयुक्त रूप से किया है। अध्ययन में करीब 65 करोड़ लोगों और 2.7 लाख गांवों के भूमि आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रामीण स्तर पर भूमि असमानता का औसत गिनी सूचकांक (0 से 100 पैमाने पर) भूमिहीन परिवारों को शामिल करने पर 71 तक पहुंच जाता है जबकि 46 फीसद ग्रामीण परिवार पूरी तरह भूमिहीन हैं। अध्ययन रिपोर्ट कहती है कि औसतन किसी गांव में सबसे बड़ा जमींदार लगभग 12 फीसद जमीन नियंत्रित करता है, जबकि कुछ गांवों में एक ही व्यक्ति के पास आधे से अधिक कृषि भूमि है। राज्यों के बीच असमानता के स्तर में भी बड़ा अंतर देखा गया है, जो वैश्विक स्तर पर देशों के बीच पाए जाने वाले अंतर के लगभग बराबर है। अध्ययन के अनुसार, जिन क्षेत्रों में कृषि के लिए अनुकूल प्राकृतिक परिस्थितियां हैं, वहां भूमि का केंद्रीकरण अधिक देखने को मिलता है। ऐतिहासिक कारकों का भूमि वितरण पर गहरा असर बना हुआ है। ब्रिटिश शासन के सीधे नियंत्रण वाले क्षेत्रों में भूमि असमानता अपेक्षाकृत अधिक पाई गई, जबकि रियासतों के अधीन रहे इलाकों में भूमि असमानता कम रही है। इसके अलावा भूमि स्वामित्व पर सामाजिक संरचना का प्रभाव भी स्पष्ट है। अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) की अधिक आबादी वाले गांवों में भूमिहीनता की दर ज्यादा है। हालांकि, लंबे समय तक वामपंथी शासन के अधीन रहे केरल एवं पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में यह प्रवृत्ति अपेक्षाकृत कम दिखती है। अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक, बाजार और बुनियादी ढांचे तक बेहतर पहुंच भी ऐतिहासिक रूप से बनी इस असमानता को पूरी तरह खत्म नहीं कर पाई है।ग्रामीण स्तर पर भूमि असमानता को लेकर जो तथ्य सामने आये हैं उनसे स्पष्ट है कि ग्रामीण भारत दो वर्गों में विभाजित है। भारत एक कृषि प्रधान देश है, इसके बावजूद भी भारतीय किसान की आर्थिक हालत कमजोर ही है। उपरोक्त तथ्यों के सामने आने पर भूमिहीन किसानों की विशेषतया पिछड़े वर्ग की स्थिति कितनी दयनीय होगी यह सोचकर ही दिल दहल जाता है। भूमि असमानता को कम करने के लिए अब तक जो कदम उठाए गए हैं उनसे जिस परिणाम की आशा की गई थी वह नहीं मिले हैं। केंद्र और प्रदेश की सरकारों को उपरोक्त रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए भूमि असमानता जैसे गंभीर मुद्दे पर गंभीरतापूर्वक विचार कर भूमि असमानता को कम करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

# मशरूम उत्पादन और मूल्य संवर्धन पर प्रशिक्षण संपन्न



पंतनगर। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मशरूम अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में सशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना के अंतर्गत मशरूम उत्पादन तकनीकी एवं मूल्य संवर्धन विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। छह से नौ अप्रैल तक चले इस कार्यक्रम के समापन अवसर पर निदेशक संचार जेपी जायसवाल मुख्य अतिथि और संयुक्त निदेशक शोध पीके सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वय केंद्र के संयुक्त निदेशक एसके मिश्र द्वारा किया गया।समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर जेपी जायसवाल ने शाकाहारी आहार में मशरूम की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार समुद्री क्षेत्रों में मछली प्रोटीन का मुख्य स्रोत होती है, उसी प्रकार पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों में मशरूम को आहार का अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि मशरूम उच्च गुणवत्ता का प्रोटीन प्रदान करने के साथ साथ सुपाच्य भी होता है। विश्व स्तर पर वर्तमान में 440 लाख टन से अधिक मशरूम उत्पादन हो रहा है, जिसकी वार्षिक वृद्धि दर लगभग आठ प्रतिशत है। भारत में उत्पादन 3.3 लाख टन से अधिक है, जो जनसंख्या के अनुपात में अभी भी कम है। उन्होंने मशरूम आधारित मूल्य संवर्धित उत्पादों की अपार संभावनाओं पर भी जोर दिया।विशिष्ट अतिथि पीके सिंह ने विश्वविद्यालय के मशरूम केंद्र के दीर्घकालीन योगदान को रेखांकित करते हुए विभिन्न प्रजातियों के उत्पादन की संभावनाओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण समन्वयक एसके मिश्र ने प्रतिभागियों को कंपोस्ट निर्माण, बीज उत्पादन, फसल कक्ष का रखरखाव और कीट एवं रोग प्रबंधन पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इस कार्यक्रम में देश के चार राज्यों से आए 54 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। वैज्ञानिकों द्वारा बटन, ढिंगरी और दूधिया मशरूम के उत्पादन की आधुनिक विधियों की जानकारी दी गई। अंत में अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर मशरूम अनुसंधान केंद्र के विद्यार्थी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मैक्स वैशाली में उत्तराखंड की बुजुर्ग महिला की सफल हाइपेक सर्जरी

## उन्नत ओवरी कैंसर से जूझ रही महिला को आधुनिक तकनीक से मिला नया जीवन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर वैशाली ने उन्नत कैंसर उपचार के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यहाँ उत्तराखंड निवासी 67 वर्षीय महिला का साइटोरेडक्टिव सर्जरी के साथ हाइपेक (हाइपरथर्मिक इंट्रापेरिटोनियल कीमोथेरपी) विधि से सफल ऑपरेशन किया गया। यह अत्याधुनिक तकनीक उन्नत स्टेज के ओवरी कैंसर मरीजों के लिए बेहद असरदार मानी जाती है, जिससे उन्हें लंबे समय तक रोगमुक्त जीवन जीने की नई उम्मीद मिली है।वरिष्ठ सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सीमा सिंह के नेतृत्व में यह जटिल सर्जरी संपन्न हुई। मरीज के पेट के अंदर कई हिस्सों में कैंसर फैल चुका था,जिससे सामान्य सर्जरी चुनौतीपूर्ण थी। डॉ. सीमा सिंह ने बताया कि साइटोरेडक्टिव सर्जरी और हाइपेक



उन चुनिंदा मरीजों के लिए जीवन बदलने वाली तकनीक है जिनमें कैंसर पेट में फैल जाता है। इस प्रक्रिया में पहले पेट से कैंसर ग्रस्त ऊतकों और ट्यूमर को पूरी तरह हटाया जाता है, फिर पेट के अंदर 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तापमान वाली गर्म कीमोथेरपी को लगभग 60 से 90 मिनट तक घुमाया जाता है। इससे बची हुई सूक्ष्म कैंसर कोशिकाएं भी नष्ट हो जाती हैं और बीमारी के दोबारा लौटने की संभावना काफी कम हो जाती है। सर्जरी के बाद महिला की स्थिति स्थिर है और वह तेजी से रिकवरी की ओर बढ़ रही हैं। एम्स नई दिल्ली से प्रशिक्षित और रोबोटिक ऑन्को सर्जरी की विशेषज्ञ डॉ. सीमा सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य मरीजों को बेहतर जीवन गुणवत्ता प्रदान करना है। इस सफल ऑपरेशन के साथ ही मैक्स वैशाली उत्तर भारत में जटिल कैंसर सर्जरी के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है। बुजुर्ग महिला की सफल रिकवरी चिकित्सा जगत और कैंसर पीड़ितों के लिए सकारात्मक संदेश लेकर आई है।

# स्वास्थ्य जांच शिविर के माध्यम से महिलाओं को किया जागरूक

## श्रमिक और कर्मचारी महिलाओं के स्वास्थ्य का हुआ परीक्षण और बांटे गए उपहार

पंतनगर (उद संवाददाता)। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के महिला क्लब द्वारा विश्वविद्यालय परिसर स्थित लैंबर्ट स्क्वायर अतिथि गृह में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के कर्मचारी वर्ग की महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच करना और उन्हें विभिन्न बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का आयोजन महिला क्लब की अध्यक्षा वीना चौहान के नेतृत्व में किया गया।शिविर में विश्वविद्यालय चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ दुर्गेश यादव और उनकी टीम जिसमें चार अनुभवी




चिकित्सक एवं दो नर्सिंग स्टाफ शामिल थे ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के दौरान महिलाओं का रक्त शर्करा, रक्त चाप, मधुमेह परीक्षण, नेत्र परीक्षण, दंत परीक्षण और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण निःशुल्क किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय फार्म एवं गार्डन सेक्शन की 45 श्रमिक महिलाओं तथा विभिन्न संकायों की 15 महिलाओं सहित कुल 60 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने जांच के साथ साथ महिलाओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, संतुलित आहार लेने और समय समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने सामान्य बीमारियों से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से जानकारी दी। शिविर में महिलाओं को महिला क्लब की अध्यक्षा वीना चौहान एवं सचिव विजया सिंह द्वारा उपहार भी प्रदान किए गए। विश्वविद्यालय की महिला कर्मचारियों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की। महिला क्लब की यह पहल समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई है। इस दौरान क्लब की अन्य सदस्य और अस्पताल का स्टाफ भी मौजूद रहा।

# हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से नि से शनिवार को लोक भवन में हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने आगामी श्री हेमकुंड साहिब यात्रा की व्यवस्थाओं और तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।भेंट के दौरान यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के प्रयासों के साथ ही विभिन्न महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर भी चर्चा की गई। राज्यपाल ने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे कार्यों



की समीक्षा की और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर संवाद किया। इस अवसर पर यात्रा मार्ग की स्थिति और यात्रियों के लिए उपलब्ध सेवाओं पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने राज्यपाल को ट्रस्ट की आगामी योजनाओं और यात्रा प्रबंधन की तैयारियों से अवगत कराया।

# महानाम संकीर्तन में कीर्तन मंडलियों ने किया मंत्रमुग्ध

रुद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने शिवपुर एवं उदयनगर में आयोजित अखंड महानाम संकीर्तन में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने भक्तिभाव के साथ संकीर्तन सुना और ईश्वर से क्षेत्र की सुख समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की।



कार्यक्रम में पहुँचने पर आयोजकों द्वारा राजकुमार ठुकराल का भव्य स्वागत किया गया और उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजकुमार ठुकराल ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से समाज में शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। महानाम संकीर्तन जैसे आयोजन न केवल हमें अपनी संस्कृति से जोड़े रखते हैं बल्कि आपसी भाईचारे को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भक्ति मार्ग पर चलकर ही मानव कल्याण संभव है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य सुखदेव हाल्दार, क्षेत्र पंचायत सदस्य कमलेश मिस्त्री, अंकित बठला, केरू मण्डल, विजय शिकारी, आनंद शर्मा ,अशोक ढाली ,करन रंधावा, त्रिनाथ विश्वास, अजय नारायण सिंह, विजय वाजपेयी, कार्तिक मण्डल, कृष्णा सरदार, अनुज बैरागी, काशीनाथ, सुकुमार, तापस साहा, सुरजीत, अजय मण्डल, नंद लाल, उत्तम साहा, प्रसन्नजीत, मनोज हालदार, पप्पू, चंदन, प्रशांत, देवदास, अर्जुन आदि थे।

# हाईवे चौड़ीकरण का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने की मांग

रूद्रपुर। मुख्य बाजार वार्ड संख्या 28 के पार्षद चिराग कालरा ने नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे को ज्ञापन सौंपकर त्रिशूल चौक से डीडी चौक तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा करने की मांग की है। उन्होंने अवगत कराया कि वर्तमान में चल रहा यह निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से हो रहा है, जो आम जनता और व्यापारियों के लिए भारी परेशानी का सबब बना हुआ है। विशेष रूप से गांधी पार्क से सिब्बल सिनेमा मोड़ तक का क्षेत्र काफी संवेदनशील है, जहाँ कार्य में देरी के कारण आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और बाजार की व्यवस्था भी बाधित हो रही है। चिराग कालरा ने ज्ञापन के माध्यम से चिंता जताई कि आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए यह स्थिति



और भी गंभीर हो सकती है। यदि समय रहते निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया तो मुख्य बाजार में जलभराव की समस्या उत्पन्न होने की पूरी संभावना है, जिससे व्यापारियों और स्थानीय निवासियों को भारी आर्थिक एवं जन हानि का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने नगर आयुक्त से विनम्र निवेदन किया कि संबंधित विभाग को इस कार्य को तीव्र गति से पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए जाएं, ताकि संभावित नुकसान से बचा जा सके और आमजन को राहत मिल सके। नगर आयुक्त ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# भारत में पोषण की वास्तविकता

भारत विश्व की विकसित अर्थव्यवस्था में एहम देशों में गिना जाता है। लेकिन यही विकास अगर पोषण के क्षेत्र में देखा जाए, तो वैश्विक भूख सूचकांक के आंकड़ों में भारत को 127 देशों में 105वें स्थान पर रखा गया है। यह आंकड़े स्पष्ट कर देते हैं कि एक ओर तो देश आर्थिक प्रगति के पथ पर चल रहा है, और वही दूसरी ओर पोषण विकास में प्रगति पथ से कोसों दूर। देश में कुपोषण, एनीमिया और बढ़ता मोटापा जैसी समस्याएँ समानांतर रूप से मौजूद हैं। लेकिन अब ये समस्याएं केवल अल्पपोषण तक सीमित नहीं है। पिछले दशकों में प्रोसेस्ड और पैकेजिंग फूड्स के आगमन से ष्डबल बर्डनष एक भारी समस्या के रूप में उभर कर आया है। जहां अस्वास्थ्यकर भोजन की खपत के कारण कुपोषण और जीवनशैली से संबंधित रोग जैसे मोटापा, मधुमेह जैसी बीमारियों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। भारत में पोषण अविकास के अनेक कारक है जिससे पोषण प्रभावित होता है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की स्पष्ट असमानता एक एहम कारक है। जहां शहरी क्षेत्रों में पैकेज्ड और प्रोसेस्ड फूड के कारण जीवनशैली से संबंधित रोग में वृद्धि देखने को मिलती है, वही दूसरी ओर अप्राप्य पौष्टिक भोजन के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में कुपोषण की समस्या ज्यादा गहरी है। मातृ पोषण की अनदेखी के कारण बच्चों में कुपोषण की समस्या भी एक अहम कारक है। इन कारणों के अतिरिक्त, आर्थिक असमानता, भोजन की गुणवत्ता में कमी और जागरूकता का अभाव भी पोषण की वास्तविकता में प्रभाव डालने वाले कुछ अहम कारक है। भारत में पोषण की इस वास्तविकता को बदलने के लिए, भारत सरकार ने सुधार के लिए कई सारी योजनाएं लागू करी जैसे पोषण अभियान, मिड-डे मिल स्कीम और इंटीग्रेटेड चाइल्ड डेवलपमेंट सर्विसेज। इसके अतिरिक्त आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 ने सुझाव दिया है कि अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए न्फ्ष्े पर "हेल्थ टैक्स" लगाया जाए और ऐसे खाद्य पदार्थों को उच्चतम जीएसटी स्लैब में भी ले जाया जाए।

कृतिका तिवारी,रूद्रपुर

# बदहाल सड़कों पर विधायक तिवारी ने जताई नाराजगी

## हॉटमिक्स कार्य में देरी को बताया जनविरोधी, जल्द कार्य शुरू न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। अल्मोड़ा जिले, विशेषकर विधानसभा और नगर क्षेत्र की सड़कों की लगातार बिगड़ती स्थिति को लेकर विधायक मनोज तिवारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है। जर्जर सड़कों और जानलेवा गड्ढों को लेकर उन्होंने सरकार और लोक निर्माण विभाग पर सीधा निशाना साधते हुए इसे आम जनता के साथ अन्याय करार दिया है।विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि शहर की अधिकांश सड़कें लंबे समय से बदहाल हैं, जिससे रोजाना हजारों लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नगर की सड़कों की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि पैदल चलना भी दूभर है, जबकि वाहन चालकों के लिए हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है।



विधायक ने चिंता जताते हुए कहा कि अल्मोड़ा एक प्रमुख पर्यटन केंद्र है और यहां से होकर हजारों पर्यटक अन्य पर्वतीय जनपदों को जाते हैं। सड़कों की इस दुर्दशा का सीधा असर पर्यटन व्यवसाय पर पड़ रहा है और जनसुरक्षा के लिहाज से यह बेहद गंभीर मामला है।विधायक तिवारी ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा क्षेत्रों के विकास हेतु मांगे गए प्रमुख कार्यों की सूची में उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर नगर की सड़कों को हॉटमिक्स कराने का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को दो बार औपचारिक पत्र लिखकर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए और विभाग द्वारा एस्टीमेट शासन को भेजा जा चुका है। इसके बावजूद धरातल पर कार्य शुरू न होना विभागीय लापरवाही और सरकार की उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सब प्रक्रियाएं पूरी हैं, तो आखिर कार्य शुरू होने में बाधा क्या है?विधायक ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़कों को गड्ढा मुक्त कर हॉटमिक्स का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो वह जनता के साथ मिलकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने मांग की कि जब तक हॉटमिक्स का काम शुरू नहीं होता, तब तक सुरक्षा की दृष्टि से सड़कों पर तत्काल पेचिंग कार्य कराया जाए ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

# रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज इसी वर्ष शुरू करने की तैयारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऊधमसिंह नगर जिले के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि जल्द ही धरातल पर उतरने जा रही है। पंडित राम सुमेर राजकीय मेडिकल कॉलेज का संचालन इसी वर्ष शुरू करने के लिए प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर



से व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र की जनता को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इसके साथ ही कॉलेज में रेजिडेंट चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हालिया भर्ती प्रक्रिया के तहत रिक्त पदों के सापेक्ष विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। कॉलेज को सीनियर रेजिडेंट के रूप में मनोचिकित्सक और पैथोलॉजिस्ट जैसे महत्वपूर्ण विशेषज्ञ मिल गए हैं। इसके अतिरिक्त जूनियर रेजिडेंट श्रेणी में भी तीन नए चिकित्सकों का चयन किया गया है, जो अगले सप्ताह से कार्यभार ग्रहण करेंगे। इससे कॉलेज की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। मेडिकल कॉलेज के शुरू होने से न केवल रुद्रपुर शहर, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और पड़ोसी जिलों के मरीजों को भी बड़ी राहत मिलेगी। अब उन्हें उपचार के लिए दूरदराज के बड़े अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। विशेषज्ञ चिकित्सकों की बढ़ती उपलब्धता और प्रशासन की सक्रियता ने इस वर्ष कॉलेज के सफल संचालन की उम्मीदों को और मजबूत कर दिया है। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या ऊषा रावत ने संस्थान को इसी वर्ष सुचारू रूप से संचालित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि उनका लक्ष्य प्रत्येक मरीज को बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज को ऐसा संस्थान बनाया जाएगा, जहां हर जरूरतमंद को सम्मान और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके। प्राचार्या ने यह भी संकेत दिए कि व्यवस्थाएं पूरी तरह पटरी पर आने के बाद वह स्वयं भी अपनी चिकित्सकीय सेवाएं देंगी।

# मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर गरजी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। मानदेय समेत तमाम मांगों को निराकरण को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। द्वाराहाट में कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ विशाल जुलूस निकाल जमकर प्रदर्शन किया। जल्द मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। शुक्रवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वाराहाट में प्रदर्शन किया। ब्लॉक अध्यक्ष बबीता बोरा के नेतृत्व



में सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को काफी कम मानदेय दिया जा रहा है। कम मानदेय मिलने से उनके लिए दैनिक खर्च चलाना भी मुश्किल हो रहा है। लंबे समय से कार्यकर्ता मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहीं हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों को अनसुना कर रही है। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने मुख्य बाजार से तहसील तक जुलूस भी निकाला और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा कि जल्द मांग पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन होगा। यहां संगठन की उपाध्यक्ष दीपा देवी, सचिव प्रेमा देवी, संगठन मंत्री खष्टी देवी, पूजा, सीमा, ज्योति, बबीता समेत कई मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**लीज की फाइलों की ....**सीधे निर्देश देना यह दर्शाता है कि वह नगरवासियों के प्रति कितने संवेदनशील हैं। अब जल्द ही फाइलों का निस्तारण होगा और लोगों को मालिकाना हक (फ्रीहोल्ड) मिल सकेगा। इस मौके पर उपस्थित नगरवासियों ने जिलाध्यक्ष की इस सफल पैरवी और मंत्री जी के निर्णय का स्वागत किया है। इस मौके पर निवास चन्द्र भट्ट ,सचिन अग्रवाल,अशोक कुमार,सुरेश कुमार श्रीवास्तव,रमन भाटिया,आशीष प्रसाद,राजेश गहतोड़ी,दीपक कुमार,कृष्ण कुमार, युद्धवीर सिंह, भूषण कुमार,योगेश मित्तल ,सुनील दायमा, अभिषेक अग्रवाल,विजय मल्लिक,तुषार मित्तल आदि मौजूद थे।

**'रन फॉर अवेयरनेस- रैली को ...**सकते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड अपनी आध्यात्मिक परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों और ऊर्जावान युवा शक्ति के लिए जाना जाता है। यदि युवा शक्ति सही दिशा में बढ़े, तो वह पूरे भारतवर्ष के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में डॉ. स्वामी रामेश्वरम हरि जी, आरएसएस संपर्क प्रमुख उत्तर क्षेत्र डॉ हरीश रौतेला, श्याम अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, मेयर हल्द्वानी गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, भारत भूषण, डॉ. अशोक पाल, किसान आयोग के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नामधारी, शंकर कोरंगा, शांति महरा, डॉ. अनिल कपूर डब्बू, रेनू अधिकारी, ध्रुव रौतेला, सुरेश भट्ट, पूर्व मेयर योगेंद्र सिंह रौतेला सहित आयुक्त कुमाऊं व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत,जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ मंजूनाथ टी सी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में युवा रहे।

**स्वर साम्राज्ञी आशा...** पार्क में अंतिम संस्कार किया जाएगा। गौरतलब है कि इसी स्थान पर उनकी बड़ी बहन और स्वर कोकिला लता मंगेशकर का भी अंतिम संस्कार हुआ था। निधन पर फिल्म जगत,राजनीति और संगीत क्षेत्र की तमाम हस्तियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे भारतीय संगीत के एक युग का अंत बताया है

**फैक्ट्री कर्मी रामवीर की.....**कंपनी पहुंचे थे। जहां सीसीटीवी फुटेज में सड़क दुर्घटना का मामला प्रकाश में आया था। फुटेज में ज्ञात हुआ कि रात्रि 10:30 बजे कंपनी से निकलने के बाद रुद्रपुर मार्ग पर सड़क किनारे खड़े रामवीर सिंह को भूसी से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली द्वारा टक्कर मारी गई थी तथा उसी के बाद से रामवीर सिंह गायब हो गया। विगत दिवस घटनास्थल पर जांच के दौरान पुलिस ने रामवीर सिंह का कटा हुआ हाथ तथा कई घंटे की तलाश के बाद पनचक्की फॉर्म क्षेत्र में नाले से रामवीर सिंह का शव बरामद कर लिया था। मानवता को शर्मसार करने वाले आरोपियों द्वारा साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से ग्राम मिर्जापुर, बिजनौर निवासी 42 वर्षीय रामवीर सिंह पुत्र समर पाल सिंह के शव को ठिकाने लगाया गया। आरोपियों के शातिराना दिमाग का अनुमान इस बात से भी लगाया जा सकता है कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी गण ट्रैक्टर ट्राली के साथ देवरिया टोल प्लाजा से नहीं गुजरे तथा आरोपियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के संपर्क मार्गो का सहारा लिया गया। आरोपियों को पता था कि अगर वे लोग टोल प्लाजा से गुजरेंगे तो पुलिस के हाथ उन तक आसानी से पहुंच जाएंगे। संपर्क मार्गों का सहारा लिए जाने के चलते आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। इधर मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में ग्राम मिर्जापुर, थाना चांदपुर, बिजनौर निवासी यशदेव सिंह ने बताया कि उसका छोटा भाई रामवीर सिंह ईंटरार्क कंपनी में नौकरी करता था तथा 8 अप्रैल की ड्यूटी करने के बाद कमरे पर जाने के लिए फैक्ट्री से निकला था। उन्होंने बताया कि रामवीर सिंह के कमरे पर नहीं पहुंचने की सूचना पर परिजनों द्वारा 10 अप्रैल को सीसीटीवी फुटेज देखने पर ज्ञात हुआ कि 8 अप्रैल को एक ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा रामवीर सिंह को टक्कर मारी गई तथा रामवीर सिंह की मौत के बाद उसके शव को आरोपियों ने अज्ञात स्थान पर छुपा दिया। पीड़ित भाई ने आरोपियों को चिन्हित कर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही पुलिस टीम के हाथ अहम सुराग लग गए हैं तथा पूछताछ के लिए पुलिस द्वारा शक के आधार पर दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। जानकारी मिली है कि जल्द ही आरोपियों के संबंध में पुलिस को अहम जानकारी मिलने के बाद आरोपियों के गिरेबान तक पुलिस के हाथ पहुंच जाएंगे। फिलहाल रामवीर की मौत के मामले खुलासा न होने के बाद चर्चाओं का दौर गर्म है और परिजनों में खासा रोष व्याप्त है।

**खाई में गिरी पिकप....**की भी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण वाहन का अनियंत्रित होना माना जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। सुबह-सुबह हुए इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर है।

**पेड़ पर फांसी से लटका ....**सिडकुल चौकी प्रभारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद शव को फांसी से उतारकर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की गहरी छानबीन कर रही है। उनका कहना है कि मृतक के परिजनों के आने पर उनसे भी लोकेश के बारे में आवश्यक जानकारी ली जायेगी।

**ट्रक में चालक का.....**उठाने पर भी वह नहीं उठा तो आस पास खड़े कई लोग आ गये। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दर्शन को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर उसके परिजनों को मामले से अवगत कराया। सूचना मिलने पर यहां आये मृतक के भाई कैलाश सिंह, पत्नी ललिता देवी व अन्य परिजनों ने बताया कि शव देखने पर पता चला कि दर्शन सिंह के शरीर पर चोटों के निशान हैं जिस पर उन्हें किसी व्यक्ति द्वारा दर्शन सिंह की हत्या किये जाने का सन्देह है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का खुलासा होगा। परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# धोखाधड़ी की रकम वापस मांगने पर व्यापारी पर जानलेवा हमला

किच्छा (उद संवाददाता)। ऑफिस बंद कर घर लौट रहे एक इंटरनेट व्यापारी पर तीन युवकों द्वारा लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। हमले में व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।बसंत गार्डन कॉलोनी, किच्छा निवासी आशीष नागपाल पुत्र वेद प्रकाश नागपाल ने पुलिस को बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से इंटरनेट वाई-फाई का कारोबार कर रहे हैं। उनके कार्यालय में ग्राम लालपुर निवासी सचिन सिंह पुत्र भूपेंद्र सिंह नौकरी करता था। आरोप है कि आशीष की



अनुपस्थिति का फायदा उठाकर सचिन ने लाखों रुपये की हेराफेरी की और कार्यालय से एक महंगी ओटीडीआर मशीन भी गायब कर दी थी, जिसे बाद में पुलिस की मदद से बरामद किया गया।धोखाधड़ी का दूसरा मामला एक प्लाट से जुड़ा है। आशीष ने बताया कि उन्होंने दिसंबर 2025 में ग्राम दोपहरिया निवासी रुपेश गिरी से 3 लाख रुपये बयाना देकर एक प्लाट का सौदा किया था। बाद में पता चला कि रुपेश ने वही प्लाट अन्य लोगों को भी बेचकर धोखाधड़ी की है। जब आशीष ने अरविंद नामक व्यक्ति के माध्यम से अपने पैसे वापस मांगे, तो रुपेश गिरी ने फरवरी 2026 तक पैसे लौटाने का वादा किया, लेकिन पैसे देने के बजाय जान से मारने की धमकी देने लगा।पीड़ित के अनुसार, 9 अप्रैल की रात्रि करीब 10 बजे जब वह आदित्य चौक स्थित अपने ऑफिस से स्कूटी पर घर लौट रहे थे, तभी धर्मशाला मोड़ पर पूर्व कर्मचारी सचिन सिंह, रुपेश गिरी और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से उन पर हमला कर दिया। राहगीरों के बीच-बचाव करने पर व्यापारी की जान बच सकी, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल व्यापारी का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर उनकी तलाश तेज कर दी है।

# फैक्ट्री में घुसकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

काशीपुर। निर्माणाधीन फैक्ट्री स्वामी ने एक व्यक्ति पर फैक्ट्री में घुसकर लेवर व उसके साथ मारपीट करने व परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। वसुंधरा, गाजियाबाद निवासी निरंजन मित्तल पुत्र श्रीकांत मित्तल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी निकट आईआईएम अरोमा पार्क सिडकुल में अम्बे एनएस एग्रो प्रोडक्ट्स प्रा. लि. के नाम से फैक्ट्री का निर्माण हो रहा है। आरोप लगाया कि हमारे कॉन्ट्रेक्टर लक्ष्मीपुर पट्टी, ढेला बस्ती निवासी सबलु का भाई कामिल अक्सर साईट पर आकर लेबर के साथ बदसलूकी व गाली-गलौच करता है तथा लोगों को मारता है। कहा कि 10 अप्रैल को भी कामिल ने फैक्ट्री में तोड़फोड़ की तथा उस पर पाईप से हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गया। कहा कि आरोपी पूर्व में भी कई बार मारपीट कर चुका है तथा उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पिता पुत्र पर मारपीट का आरोप

काशीपुर। ीं एक अन्य व्यक्ति ने पिता-पुत्र पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। अलीगंज रोड निकट सेन्टमेरी स्कूल निवासी ललित कुमार सिंह पुत्र सूर्यपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पूर्व में हरनेक सिंह व उसके पुत्र ने उसके प्लाट से ईंट-पत्थर उठा लिये थे जिसकी शिकायत उसने पुलिस में की थी। जिसके बाद से दोनों उससे रंजिश रखते हैं। आरोप लगाया कि वह 9 अप्रैल की रात्रि करीब 7 बजे किसी कार्य से जाने के लिए घर से निकला ही था कि दोनों ने उसे रास्ते में रोककर मारपीट शुरू कर दी। चीख पुकार सुनकर उसकी मां व पत्नी व पड़ोसी भी मौके पर आये तो आरोपियों ने उसकी मां व पत्नी के साथ भी मारपीट की। पीड़ित ने आरोपियों से जान व माल का खतरा बताया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गांजे के साथ एक युवक गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने 1.973 ग्राम गांजे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है।कुंडा कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान ढेला नदी के पास से ग्राम सरवरखेड़ा निवासी नूर मौहम्मद पुत्र आस मौहम्मद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.973 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरापी का एनडीपीएस एक्ट में चालान कर कोर्ट में पेश किया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक अर्जुन सिंह, बलबीर सिंह, कां. त्रिलोक सिंह व बृजेश कुमार रहे।

# अवैध शराब सहित एक दबोचा

शीपुर। पुलिस ने शराब तस्कर को गिरफ्तार कर कब्जे से एक रबड की ट्यूब में 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। आईटीआई कोतवाली पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान आईजीएल फैक्ट्री रोड से छोटी बरखेड़ी निवासी गुरुजन्ट सिंह पुत्र गुरदीप सिंह को गिरफ्तार कर मौके से एक रबड की ट्यूब में भरी 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का आबकारी अधिनियम में चालान किया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
पफोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, पांच बाइकें बरामद

## 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत मिली बड़ी कामयाबी, दो शातिर गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत गदरपुर पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पकड़े गए अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास को देखते हुए उन पर संगठित अपराध की धाराएं भी लगाई गई हैं। घटनाक्रम के अनुसार 8 अप्रैल 2026 को ग्राम बराखेड़ा निवासी अविश अरोरा पुत्र किशन लाल ने कोतवाली गदरपुर में अपनी हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस यूके 06बीबी 3002चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसएसपी द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के कड़े निर्देशों के बाद एसपी काशीपुर और क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक



संजय पाठक के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। शनिवार 11 अप्रैल को पुलिस टीम एनएच-74 काशीपुर रोड पर चेकिंग अभियान चला रही थी। सरदारनगर फ्लाई ओवर के पास श्मशान घाट रोड पर दो संदिग्ध बाइक सवारों को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन उन्होंने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम विजय विश्वास पुत्र सुरेंद्र विश्वास (24 वर्ष) निवासी चंदनगढ़, दिनेशपुर और आनंद विश्वास पुत्र दुलाल विश्वास (25 वर्ष) निवासी मोतीपुर, दिनेशपुर बताया। जांच में उनके पास से बरामद बाइक अविश अरोरा की चोरी हुई मोटरसाइकिल निकली। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों की निशानदेही पर सरदारनगर श्मशान घाट रोड के पास झाड़ियों में छिपाई गई चार अन्य चोरी की मोटरसाइकिलें भी बरामद की गईं। बरामद बाइकों में यूके 06 बीजी 4622, यूके 06 यू 1966 और यूके 06 एपी 1996 शामिल हैं, जबकि एक अन्य बाइक का चेसिस नंबर घिसा हुआ पाया गया। पुलिस के अनुसार इन अभियुक्तों के खिलाफ पूर्व में भी चोरी के कई मामले दर्ज हैं। गिरोह बनाकर वारदातों को अंजाम देने के कारण पुलिस ने मुकदमे में संगठित अपराध की धारा 112 बीएनएस की बढ़ोतरी की है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक के साथ उपनिरीक्षक मुकेश मिश्रा, कांस्टेबल कुंदन सिंह, उमेश जोशी और मनोज कुमार शामिल रहे। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# हाईवे पर कंटेनर की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर हाईवे पर महतोष मोड़ के पास एक तेज रफ्तार कंटेनर ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में स्कूटी सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख



पुकार मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वार थाना क्षेत्र के बाल्मीकि मोहल्ला निवासी विकास बाल्मीकि पुत्र महेंद्र कुमार बाल्मीकि उम्र 26 वर्ष अपने साथी रजत बाल्मीकि पुत्र रमेश कुमार निवासी वार्ड नंबर 2 अंबेडकर पार्क गदरपुर उम्र 27 वर्ष के साथ स्कूटी से जा रहा था। इसी दौरान महतोष मोड़ के पास जिओ के एक कंटेनर ने उनकी स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में विकास बाल्मीकि की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि रजत बाल्मीकि गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों का कहना है कि हाईवे पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने दुर्घटना करने वाले वाहन के संबंध में जानकारी जुटाकर वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# लापता मासूम बालिका को किया बरामद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पिछले दो दिन से लापता 2 वर्ष की मासूम बालिका को पुलिस ने एक परिवार के पास से सकुशल बरामद कर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार रम्पुरा निवासी कुंवरपाल की 2 वर्षीय पुत्री शगुन 9 अप्रैल को घर निकली और वापस घर नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी खोजबीन की। उनका कहना है कि मामले की सूचना उन्होंने रम्पुरा चौकी को देकर प्रार्थना पत्र दिया। जहां उन्हें सुबह आने के लिए कहा गया। सुबह जब वह चौकी पहुंचे तो उन्हें कहा गया कि यह मामला उनके क्षेत्र का न होकर बाजार क्षेत्र का है वहां जाओ। परिजनों ने बताया कि जब वह बाजार चौकी पहुंचे तो वहां बताया गया कि यह घटना रम्पुरा क्षेत्र की है । सीओ आफिस में




सूचना देकर सीसीटीवी चैक कराओ। इसी दौरान परिजनों को पता चला कि लापता बालिका मौहल्ले के ही एक परिवार के पास सुरक्षित है जिनका कहना है कि बालिका की माता मानसिक रूप से बीमार है वह अपने बच्चों को इधर उधर कालोनियों में घुमाती रहती है। इससे बच्चों को खतरा हो सकता है। इसलिए उन्होंने बालिका को अपने पास सुरक्षित रखकर उसकी परवरिश की। जिसके बाद पुलिस ने बालिका को अपने संरक्षण में लेकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# उत्तराखंड को अग्रणी बनाने के लिए भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलना होगाः धामी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार शाम हीरानगर पर्वतीय उत्थान मंच में पुनर्नवा महिला समिति द्वारा आयोजित महिला रामलीला में वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित हुए। अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने महिला रामलीला का अभिनव मंचन करा रही आयोजन समिति को बधाई दी और भगवान श्रीराम के जीवन मूल्यों को अपनाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और उत्तराखंड सरकार भगवान श्रीराम के संदेशों पर चलने का निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से भारत लगातार सांस्कृतिक और धार्मिक उत्थान की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों का पुनर्निर्माण हो रहा है, जिसमें काशी विश्वनाथ, मथुरा, अयोध्या



के साथ उत्तराखंड के चारों धाम और मठ मंदिर शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण और केदारनाथ व बदरीनाथ धाम में हो रहे पुनर्निर्माण कार्यों के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का उत्तराखंड के प्रति विशेष प्रेम है और वह यहां के सांस्कृतिक व धार्मिक वैभव को समृद्ध करने के लिए समर्पित हैं। पुष्कर सिंह धामी ने केदारपुरी में प्रधानमंत्री द्वारा की गई घोषणा को दोहराते हुए कहा कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की आदि कैलाश यात्रा के बाद वहां धार्मिक पर्यटन को नई गति मिली है और सीमावर्ती गांवों को अब देश के प्रथम गांवों के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप राज्य को आगे बढ़ाने के लिए सत्य और ईमानदारी के मार्ग पर चलें। इस वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता श्याम अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, शंकर कोरंगा, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद दर्मवाल, मधुकर श्रोत्रिय, विनीत अग्रवाल, शांति जीना, लता बोरा सहित अनेक दर्शक और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# कोर्ट के आदेश पर तीन के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर थाना रुद्रपुर पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट करने, धारदार हथियारों से हमला करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस द्वारा सुनवाई न किए जाने पर न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। पहाड़गंज निवासी साईन जहाँ पत्नी बाबू हुसैन ने न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका पड़ोसी इबने हसन पुत्र हसनुद्दीन सरकारी नाले को लेकर रंजिश रखता है। आरोप है कि 25 सितंबर 2025 की शाम इबने हसन ने पीड़िता के नाबालिग पुत्र राहिल के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। जब साईन जहाँ ने बीच-बचाव किया तो उसके साथ भी अभद्रता की गई। इसके बाद आरोपी ने अपने बेटों जावेद और मुस्तफा को मौके पर बुला लिया। तहरीर के अनुसार, तीनों आरोपी हाथ में लोहे की रॉड, लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर साईन जहाँ के घर में जबरन घुस गए। उन्होंने प्रार्थिनी के पिता साबिर और भाई जफर पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। जावेद ने साबिर के सिर पर लोहे की रॉड से वार किया, जबकि मुस्तफा और इबने हसन ने डंडों और लात-घूसों से परिवार को बेरहमी से पीटा। हमले में साबिर और जफर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। घटना के बाद आरोपियों ने परिवार को घर छोड़ने और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता का आरोप है कि घटना की सूचना 26 सितंबर को पुलिस को दी गई और दिसंबर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी डाक से पत्र भेजा गया, लेकिन कोई कानूनी कार्यवाही नहीं हुई। इस दौरान आरोपी रंजिश रखते हुए उन्हें अपने ही घर में रहने नहीं दे रहे हैं। विवश होकर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने इबने हसन, जावेद और मुस्तफा के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है।

# माय भारत बजट क्वेस्ट के फाइनल में पहुंचे रुद्र प्रताप सिंह

## 12 लाख प्रतिभागियों को पछाड़कर प्रधानमंत्री से संवाद करेंगे रूद्र

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती और इस बात को सच कर दिखाया है 16 वर्षीय ठाकुर रुद्र प्रताप सिंह ने। स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल के मेधावी छात्र रुद्र ने श्माय भारत बजट क्वेस्ट 2026श में वह मुकाम हासिल किया है जिसका सपना देश के लाखों युवा देखते हैं। देशभर से आए 12 लाख से अधिक प्रतिभागियों के बीच अपनी मेधा का लोहा मनवाते हुए रुद्र ने फाइनल राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली है।यह आयोजन भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय के माय भारत मंच द्वारा किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक चयन के साथ ही रुद्र को अप्रैल के मध्य में प्रधानमंत्री के साथ एक विशेष वर्चुअल संवाद में शामिल होने का गौरव प्राप्त होगा। इस प्रतिष्ठित मंच पर वह राष्ट्र निर्माण और बजटीय प्राथमिकताओं पर अपने विचार



साझा करेंगे। मात्र 16 वर्ष की आयु में रुद्र प्रताप सिंह ने खुद को एक राष्ट्रीय युवा आइकन और सीबीएसई टॉपर के रूप में स्थापित किया है। उनकी यह सफलता शिक्षा और नवाचार के प्रति उनके समर्पण का परिणाम है।रुद्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने खुशी जताते हुए कहा कि यह विद्यालय और पूरे राज्य के लिए गर्व का क्षण है। 12 लाख प्रतिभागियों में से शीर्ष स्थान पाना उनकी असाधारण क्षमता को दर्शाता है। आज जब देश विकसित भारत की ओर कदम बढ़ा रहा है तब रुद्र जैसे युवाओं का राष्ट्रीय स्तर पर उभरना एक सकारात्मक संकेत है। उनकी सफलता ने साबित कर दिया है कि यदि विजन स्पष्ट हो और मेहनत अटूट तो कोई भी लक्ष्य नामुमकिन नहीं है। रुद्र की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल है और उन्हें भविष्य का उभरता हुआ लीडर बताया जा रहा है।